# यूनाइट द किंगडम रैली में बवाल

**लंदन, 14 सितंबर ( वार्ता ) लंदन में आव्रजन विरोधी रैली में शनिवार को एक लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया.**

दक्षिणपंथी कार्यकर्ता टॉमी रॉबिन्सन द्वारा आहूत इस रैली में सड़कों पर प्रदर्शनकारियों की भीड़ उमड़ पड़ी. इस रैली को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा का आह्वान बताया गया, लेकिन इस दौरान आव्रजन का मुद्दा छाया रहा. प्रदर्शनकारियों ने बार-बार %हमें अपना देश वापस चाहिए जैसे नारे लगाए.इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प होने की भी खबरें आयीं. रॉबिन्सन यूनाइटेड किंगडम में एक प्रमुख दक्षिणपंथी नेता हैं और इंग्लिश डिफेंस लीग (ईडीएल) का नेतृत्व करते हैं जो मुख्य रूप से प्रवासन के मुद्दों से संबंधित है.टॉमी रॉबिन्सन के नेतृत्व में लंदन में हुई एंटी-इमिग्रेशन रैली ने एक बार फिर ब्रिटेन की राजधानी की धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता को बहस के केंद्र में ला दिया है. लाखों की भीड़ और हुई हिंसा के बीच अब सवाल उठ रहा है — क्या लंदन की बदलती जनसंख्या संरचना इस असंतोष की वजह है? ब्रिटेन की राजधानी लंदन एक बार फिर राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल का केंद्र बन गई, जब एंटी-इमिग्रेशन नेता टॉमी रॉबिन्सन ने नामक एक विशाल रैली का नेतृत्व किया.

## लंदन में रैली में एक लाख लोग हुए शामिल



> इस रैली में अनुमानतः 1 लाख से अधिक लोग शामिल हुए, जिसे ब्रिटेन के इतिहास की सबसे बड़ी दक्षिणपंथी रैली माना जा रहा है. रैली के दौरान व्हाइट हॉल क्षेत्र में हालात तनावपूर्ण हो गए, जब 5000 काउंटर-प्रोटेस्टर्स द्वारा आयोजित स्टैंड अप टू रेसिज्म कार्यक्रम से भिड़ंत हो गई. पुलिस द्वारा अलग करने की कोशिश के बावजूद टकराव हुआ, जिसमें 26 पुलिसकर्मी घायल हुए, जिनमें से 4 की हालत गंभीर बताई गई है.

# अल्पसंख्यक के लिए नीतियों में होगा बदलाव

**नयी दिल्ली 13 सितंबर ( वार्ता ) केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि अल्पसंख्यक युवाओं, महिलाओं और सभी समुदायों के लाभ के लिए नई दृष्टि के साथ हम नीतियों में बदलाव ला रहे हैं. रिजिजू ने शनिवार को यहाँ अल्पसंख्यक कल्याण के लिए राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा,एक नई दृष्टि के साथ, हम नीतियों में बदलाव ला रहे हैं और पहले की पहलों को अधिक गति से आगे बढ़ा रहे हैं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक युवाओं, महिलाओं और सभी समुदायों के लाभ के लिए.**

रिजिजू ने इस बात पर ज़ोर दिया कि अल्पसंख्यक समुदायों के विकास और लाभ के लिए सुधार रोडमैप तैयार करने में प्रतिनिधियों के सुझाव आवश्यक हैं. सम्मेलन में आठ राज्यों के मंत्रियों ने भाग लिया, जिनमें बिहार से मोहम्मद ज़मा खान, महाराष्ट्र से एडवोकेट मणिलकराव कोकाटे, नागालैंड से इमकोंगमार, ओडिशा से नित्यानंद गोंड, तमिलनाडु से एस.एम. नासर, त्रिपुरा से शुक्ला चरण नोआतिया, उत्तर प्रदेश से ओम प्रकाश राजभर और अरुणाचल प्रदेश से केंटो जिनी शामिल हुए. सम्मेलन में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मंत्रियों और सचिवों ने पूरे भारत में अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन को मजबूत करने के लिए सुझाव साझा किए.



> अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने सभी हितधारकों से सेवाओं की कुशल आपूर्ति और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए 'सुधार, प्रदर्शन, परिवर्तन और सूचना' के मंत्र का पालन करने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन और प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) जैसी चल रही योजनाएँ अल्पसंख्यक समुदायों के लिए कौशल विकास और बुनियादी ढाँचे के विकास को बढ़ावा दे रही हैं.

# देश में राजनीतिक विवाद चरम पर

### केजरीवाल बोले- भारत-पाक मैच रुकना चाहिए था

**दिल्ली, 14 सितंबर. एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के मैच को लेकर राजनीतिक पारा चढ़ गया है. आम आदमी पार्टी ने इस मुकाबले का कड़ा विरोध करते हुए इसे देश के साथ गद्दारी करार दिया है. अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज समेत पार्टी के शीर्ष नेता केंद्र सरकार और पर तीखे हमले कर रहे हैं.**

भारत-पाकिस्तान के बीच दुबई में एशिया कप 2025 का बहुप्रतीक्षित क्रिकेट मैच खेला गया, लेकिन उससे पहले ही देश में राजनीतिक विवाद चरम पर पहुंच गया है. आम आदमी पार्टी ने इस मुकाबले को लेकर मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला है. अरविंद केजरीवाल ने आज अपने सहयोगी सौरभ भारद्वाज के एक पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए लिखा, पाकिस्तान के साथ मैच खेलना देश के साथ गद्दारी है. हर भारतीय इससे आहत है.



> सौरभ भारद्वाज ने लिखा था, खून और खेल एक साथ नहीं चल सकते. इसके साथ उन्होंने एक वीडियो शेयर किया जिसमें जय शाह, पीएम मोदी और अनुराग ठाकुर को निशाने पर लिया गया. केजरीवाल ने एक दिन पहले भी इस मुद्दे पर ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने सवाल उठाया था, प्रधानमंत्री जी, पाकिस्तान के साथ मैच करवाने की आखिर जरूरत क्या है? क्या यह ट्रम्प के दबाव में किया जा रहा है? आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भी तीखा बयान देते हुए कहा कि पाकिस्तानियों ने पहलगाम में बहनों का सिंदूर उजाड़ा और सरकार क्रिकेट खेल रही है. खून और व्यापार एक साथ नहीं चल सकता, लेकिन खून और क्रिकेट चल सकता है?

## अमित खरे उपराष्ट्रपति के सचिव नियुक्त

**नयी दिल्ली 14 सितम्बर.** भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारी अमित खरे को उपराष्ट्रपति का सचिव नियुक्त किया गया है. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने रविवार को बताया कि मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने सेवानिवृत आईएएस अधिकारी अमित खरे की उपराष्ट्रपति के सचिव के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है. वह 1985 बैच झारखंड कैडर के अधिकारी रहे हैं . श्री खरे की नियुक्ति अनुबंध के आधार पर और केन्द्र सरकार में सचिव के पद के वेतनमान पर पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी. श्री खरे 2021 से प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं.

# यूक्रेन ने रूस पर एक साथ 361 ड्रोन दागे

- किरिशी रिफाइनरी में भीषण आग


**मॉस्को/कीव, 14 सितंबर. यूक्रेन ने रूस की ऊर्जा सप्लाई पर बड़ा हमला करते हुए शनिवार देर रात एक साथ 361 ड्रोन दागे. हमला रूस की सबसे बड़ी किरिशी रिफाइनरी पर केंद्रित था, जहां विस्फोट और भीषण आग लग गई. यह हमला सिर्फ सैन्य नहीं, बल्कि आर्थिक रणनीति का हिस्सा बताया जा रहा है.**

रूस-यूक्रेन युद्ध अब ऊर्जा युद्ध में तब्दील हो चुका है. यूक्रेन ने रूस की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरियों में से एक किरिशी रिफाइनरी को निशाना बनाते हुए 361 ड्रोन, गाइडेड बम और मिसाइल से एक साथ हमला किया. लेनिनग्राद क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर ड्रोज्डेंको ने पुष्टि की कि किरिशी क्षेत्र में तीन ड्रोन नष्ट किए गए और रिफाइनरी परिसर में लगी आग को काबू में कर लिया गया है. अच्छी खबर यह रही कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ. रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि 361 ड्रोन, चार गाइडेड बम और एक अमेरिकी HIMARS मिसाइल को हवा में ही मार गिराया गया. हालांकि, किरिशी रिफाइनरी, जो कि प्रतिदिन 3.55 लाख बैरल कच्चा तेल प्रोसेस करती है, पर हमला सफल रहा और वहां भारी आगजनी देखी गई. यूक्रेनी जनरल स्टाफ ने आग और विस्फोट की तस्वीरें जारी कर दावा किया.हमला पूरी तरह टारगेट पर केंद्रित था.



> यह रिफाइनरी रूस की कुल तेल उत्पादन क्षमता का 6 .4न्न संभालती है और देश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाती है. इस पर हमला रूस की तेल सप्लाई चेन को सीधा झटका देने वाला है. अमेरिका और यूरोपीय देश भी रूस पर ऊर्जा आधारित प्रतिबंध बढ़ाने की कोशिशों में हैं.

## एक नजर में



### रबी पर राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन आज से

**नयी दिल्ली.** राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन (रबी 2025) सोमवार को राजधानी में प्रारंभ होगा. यह सम्मेलन पहली बार दो दिनों के लिए आयोजित किया गया है और साथ ही इसमें पहली बार कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है. कृषि मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन रबी अभियान 2025 पूसा संस्थान में आयोजित हो रहा है. इसमें कई राज्यों के कृषि मंत्री, सहित अन्य मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी भाग लेंगे. इसके पहले दिन रबी 2025-26 सीज़न से जुड़ी तैयारियों, पैदावार लक्ष्य और रणनीतियों पर चर्चा होगी. दूसरे दिन केंद्रीय कृषि मंत्री, राज्यों के कृषि मंत्री और अन्य नई तकनीक, उन्नत बीज और किसानों तक उनकी पहुंच तय करने के तरीकों पर बात करेंगे. इस बार सम्मेलन में कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के वैज्ञानिकों को भी विशेष रूप से बुलाया गया है ताकि वे अपने अनुभव और चुनौतियां साझा कर सकें. सम्मेलन में विभिन्न राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाएँ, मौसम पूर्वानुमान, उर्वरक प्रबंधन और तकनीकी जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी.

### आचार्य देवव्रत मुंबई पहुंचे

**मुंबई.** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत रविवार को मुंबई पहुंचे. उन्हें सोमवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ दिलाई जाएगी. देवव्रत को महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. शपथ ग्रहण समारोह मुंबई के राज भवन के दरबार हॉल में सुबह 11 बजे निर्धारित है. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप -मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर रविवार को श्री आचार्य का स्वागत किया. देवव्रत के साथ उनकी पत्नी दर्शना देवी भी थी. राज्यपाल को मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर रेलवे पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इस अवसर पर कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढा, मुख्य सचिव राजेश कुमार, पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला, बृहानमंबई नगर निगम के प्रशासक भूषण गाइडर, एसीएस मनीषा माहिस्कर, रेलवे पुलिस के महानिदेशक प्रशांत बुरुड उपस्थित थे. राज्यपाल को मुंबई पुलिस द्वारा राज भवन में गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया था. उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने भारत के उप राष्ट्रपति चुने जाने पर 11 सितंबर को इस्तीफा दे दिया था.

### अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो इजरायल पहुंचे

**वाशिंगटन/यरूशेलम.** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो शनिवार को एक आधिकारिक यात्रा पर इज़रायल पहुंचे. रुबियो की यह यात्रा इजरायल के कतर की राजधानी दोहा में हमास नेताओं पर हवाई हमले के एक हफ्ते से भी कम समय के बाद हो रही है. प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार वह और श्री रुबियो रविवार को यरूशलेम में एक साथ वेस्टर्न वॉल का दौरा करेंगे. इजरायल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री के कार्यालय ने दोनों नेताओं के लिए औपचारिक कार्य बैठक के लिए योजना की घोषणा नहीं की.

### राजस्थान के उप मुख्यमंत्री के पीए का ट्रक चोरी

**रतलाम.** राजस्थान के उप मुख्यमंत्री के पीए का ट्रक देर रात रतलाम के बिलपांक थाना क्षेत्र में चोरी हो गया. ट्रक चालक ने पुलिस को बताया कि वह लघुशंका के लिए सड़क किनारे रुका था. तभी अज्ञात बदमाश मौके का फायदा उठाकर ट्रक लेकर फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई. एसपी अमित कुमार ने कंट्रोल रूम को निर्देश दिए और नाकाबंदी करवाई. सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने ट्रक का पीछा कर थोड़ी ही देर में उसे बरामद कर लिया. पुलिस की इस फुर्ती और त्वरित कार्रवाई की हर ओर सराहना हो रही है.

# सीबीआई ने दो फर्जी कॉल सेंटरों का किया भंडा फोड़

**नयी दिल्ली 14 सितंबर ( वार्ता ) केंद्रीय जांच ब्यूरो ( सीबीआई ) ने महाराष्ट्र के नासिक में दो अवैध कॉल सेंटरों का भंडा फोड़ किया है जो स्वगन बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से चलाए जा रहे थे.**

सीबीआई के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि 11 सितंबर को चार व्यक्तियों और कुछ अज्ञात सरकारी अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गयी थी कि नामजद लोग नासिक में स्वगन बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से दो अवैध कॉल सेंटर चला रहे हैं और ब्रिटिश नागरिकों से बीमा एजेंट या सरकारी अधिकारी बन कर ठगी कर रहे हैं. अधिकारी ने बताया कि इन अवैध सेंटरों को चलाने वाले आरोपियों की पहचान गणेश और श्याम कामनकर के रूप में हुयी है. उन्होंने कहा, इन सेंटरों पर लगभग 60 लोग काम कर रहे थे. ये लोग इंटरनेट के माध्यम से कॉल करते थे, जाली नंबरों और दस्तावेजों का उपयोग करके नकली बीमा पॉलिसी बेचने के नाम पर पीड़ितों से क्रेडिट या डेबिट कार्ड की जानकारियां हासिल कर ठगी करते थे. सीबीआई ने नासिक और कल्याण में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर आठ कम्प्यूटर, आठ फोन, फर्जी बीमा पॉलिसी, पांच लाख रुपए नकद और कुछ आपत्तिजनक डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं.



> अधिकारी ने बताया कि यह ठगी पेपाल और अन्य बैंकिंग चैनलों के माध्यम से की जाती थी और धन को दोनों आरोपियों के खाते में मंगाया जाता था. अधिकारी के अनुसार दोनों आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और सारी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद ठाणे में स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में उन्हें पेश किया गया, जहाँ से उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया. अधिकारी के मुताबिक मामले की जांच अभी आगे चल रही है.

## आज का इतिहास

- 1812: नेपोलियन के नेतृत्व में फ्रांसीसी सेना मास्को के क्रैमलिन पहुंची.
- 1860 : एम विश्वेश्वरैया का जन्म.
- 1876: भारतीय उपन्यासकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म.
- 1909: द्रविड़ मुनेत्र कषगम के संस्थापकों में से एक सी एन अन्नादुरई का जन्म.
- 1916: प्रथम विश्व युद्ध में पहली बार सोम्मे की लड़ाई में टैंक का इस्तेमाल किया गया.
- 1948 : स्वतंत्र भारत का पहला पोत 'आईएनएस दिल्ली' बंबई (अब मुंबई) के बंदरगाह पर पहुंचा.



# मेरा दिमाग 200 करोड़ का है एथेनॉल विवाद पर बोले गडकरी

- निजी लाभ के आरोपों पर गडकरी का करारा जवाब
- क्या मैं पैसे के लिए काम करता हूं? गडकरी का पलटवार

**नई दिल्ली, 14 सितम्बर. नागपुर एथेनॉल विवाद पर बोले गडकरी- किसान हित है मेरा मकसद मेरा दिमाग ही 200 करोड़ रुपये प्रति महीने का है — केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह बात उस समय कही जब उन पर एथेनॉल ब्लेंडेड फ्यूल (20 पेट्रोल) के प्रचार को लेकर निजी फायदे के आरोप लगाए गए.**

नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आलोचकों को सख्त जवाब देते हुए कहा कि वे पैसों के लिए अपने स्तर को नीचे नहीं गिराते. नागपुर में 'एग्रीकॉस वेलफेयर सोसाइटी' के एक कार्यक्रम में बोलते हुए नितिन गडकरी ने एथेनॉल ईंधन पर चल रही बहस में अपनी बात बेबाकी से रखी. उन्होंने कहा-क्या आपको लगता है मैं यह सब पैसे के लिए करता हूं? मेरा दिमाग 200 करोड़ रुपये का है.

### मैं कोई संत नहीं, लेकिन बेईमान भी नहीं : केन्द्रीय मंत्री

मैं ईमानदारी से कमाता हूं. मैं कोई संत नहीं हूं, लेकिन बेईमान भी नहीं हूं. गडकरी ने कहा कि उनका उद्देश्य किसानों को समृद्ध बनाना है और एथेनॉल को बढ़ावा देना उसी दिशा में एक प्रयास है. उन्होंने कहा कि जब तक किसान खुशहाल नहीं होते, तब तक उनकी कोशिशें जारी रहेंगी. 1 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका खारिज कर दी थी जिसमें मांग की गई थी कि 20 पेट्रोल को अनिवार्य न किया जाए. या होगी. अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कोर्ट को बताया कि यह याचिका स्वच्छ ईंधन पहल को पटरी से उतारने का प्रयास है.

# राष्ट्र का चैनल और गौरव है दूरदर्शन : सतीश

## डीडी 66 : दूरदर्शन स्थापना दिवस पर शब्दांजलि

**नई दिल्ली, 14 सितम्बर. भारत का सार्वजनिक प्रसारक दूरदर्शन 15 सितम्बर 2025 को अपना 66वां स्थापना दिवस मना रहा है. 15 सितम्बर 1959 को दिल्ली से शुरू हुआ छोटा-सा प्रायोगिक प्रसारण आज दुनिया के सबसे बड़े और विश्वसनीय प्रसारण नेटवर्क में बदल चुका है.**

श्वेत-श्याम प्रसारण से लेकर रंगीन टीवी और फिर डिजिटल युग तक दूरदर्शन ने हर दौर में भारतीय समाज का मार्गदर्शन किया. 1982 में एशियाई खेलों के दौरान रंगीन प्रसारण ने भारतीय प्रसारण इतिहास में नया अध्याय जोड़ा. 80-90 के दशक में रामायण, महाभारत, हम लोग, बुनियाद, मालगुड़ी डेज और नुक्कड़ जैसे धारावाहिकों ने घर-घर में जगह बनाई. कृषि दर्शन ने किसानों को नई जानकारी दी और मिले सुर मेरा तुम्हारा जैसे गीतों ने एकता और अखंडता का संदेश दिया.

मनोरंजन से आगे बढ़कर दूरदर्शन ने राष्ट्र निर्माण में भी अहम योगदान दिया. संसद की कार्यवाही, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय आयोजनों का सीधा प्रसारण कर लोकतंत्र को सशक्त किया.



> महानिदेशक के सतीश नम्बूदिरिपाद ने कहा पिछले छह दशकों से दूरदर्शन केवल एक प्रसारक नहीं, बल्कि भारत की आवाज़ और दृष्टि रहा है. इस वर्षगाँठ पर हम नवाचार, समावेशिता और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं, ताकि दूरदर्शन आने वाली पीढ़ियों तक भारत की विविधता और संस्कृति पहुँचाता रहे.

**हिंदी दिवस** — हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान और संस्कारों की जीवंत धरोहर है

# मोदी, शाह और राजनाथ सहित विभिन्न नेताओं ने दी बधाई

**नयी दिल्ली 14 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित विभिन्न नेताओं ने हिंदी दिवस के मौके पर रविवार को देशवासियों को बधाई दी. मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने शुभकामना संदेश में लिखा, आप सभी को हिंदी दिवस की अनंत शुभकामनाएँ.**

हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान और संस्कारों की जीवंत धरोहर है. इस अवसर पर आइए, हम सब मिलकर हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाओं को समृद्ध बनाने और उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक गर्व के साथ पहुँचाने का संकल्प लें. विश्व पटल पर हिंदी का बढ़ता सम्मान हम सबके लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है. शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में लिखा, देश की भाषाओं-बोलियों के बीच सेतु बनकर राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने वाली हिंदी तकनीक, विज्ञान और अनुसंधान की भाषा बन रही है. आजादी के आंदोलन से लेकर आपातकाल के मुश्किल दिनों तक, हिंदी ने देशवासियों को एक सूत्र में बाँधने में अहम भूमिका निभाई है. हिंदी सभी भाषाओं को साथ लेकर 'विकसित' और भाषाई रूप से 'आत्मनिर्भर' भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाती रहेगी.



> उन्होंने इस मौके पर एक्स पर एक वीडियो संदेश भी पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने कहा है, हिंदी भाषाई एकता का अनमोल गहना है. यह सभी भाषाओं को साथ लेकर आगे बढ़ रही है. सिंह ने लिखा, हिंदी दिवस पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ. हिंदी केवल भाषा नहीं बल्कि हमारी राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता और भावनात्मक एकता की सशक्त अभिव्यक्ति है. स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक हिंदी ने देश को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. आइए, हिंदी और सभी भारतीय भाषाओं के संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लें, हमारा यह संकल्प राष्ट्र को और अधिक मज़बूत बनाएगा.

## इक्वाडोर में गोलीबारी में सात लोगों की मौत, तीन घायल

**क्विटो.** इक्वाडोर के सैंटो डोमिंगो डे लॉस त्साचिलास स्थित एक पूल हॉल में गोलीबारी में कम से कम सात लोग मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए. रिपोर्ट के अनुसार सैनिकों के वेश में एक वाहन में आए हमलावरों ने शुक्रवार को नुएवो अमानेसर इलाके में स्थित पूल हॉल में ग्राहकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की. गौरतलब है कि सैंटो डोमिंगो डे लॉस त्साचिलास प्रांत के एक पूल हॉल में एक महीने से भी कम समय में यह दूसरी सामूहिक गोलीबारी थी. पुलिस ने बताया कि 17 अगस्त को इसी तरह के एक हमले में सात लोग मारे गए थे.